भींडर के सरकारी स्कूल में बच्चों पर छत का प्लास्टर गिरा, तीन छात्र घायल

हादसे के समय क्लास में 32 बच्चे थे, मलबा गिरने से तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए

उदयपुर, (निसं)। जिले में भींडर के सरकारी स्कूल में मंगलवार सुबह 11 बजे क्लास रूम की छत का प्लास्टर गिर गया। क्लास में 32 बच्चे थे। मलबा गिरने से तीन बच्चे गंभीर घायल हो गए। वहीं, दो बच्चों को मामूली चोट आई। घटना भींडर थाना क्षेत्र में वाणियातलाई ग्राम पंचायत के गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल नारदा में हुई।

- **शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन के निर्देश के बाद स्कूल भवन पर ताला लगाया, अब स्कूल यहां से शिफ्ट होकर माताजी के चबूतरे के पास संचालित होगा**
- **ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल का भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में है, बार-बार शिक्षा विभाग और प्रशासन को शिकायत करने के बावजूद ध्यान नहीं दिया गया**

प्रधानाध्यापक लालसिंह शक्तावत के अनुसार पहली कक्षा की छात्रा कृष्णा कुमारी, कार्तिक और 5वीं के स्टूडेंट गणेशलाल के सिर में चोट लगी है। तीनों को भींडर सरकारी हॉस्पिटल से इलाज के बाद घर भेज दिया। शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन के निर्देश के बाद एहतियातन स्कूल भवन पर ताला लगा दिया है। अब स्कूल यहां से शिफ्ट होकर माताजी के चबूतरे के पास संचालित होगा।

जानकारी के अनुसार घटना के समय कमरे में अलग-अलग क्लास के बच्चे पढ़ाई कर रहे थे। अचानक तेज आवाज के साथ छत का प्लास्टर गिरा। इससे अफरा-तफरी मच गई। घायल बच्चों को तत्काल भींडर सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और अभिभावकों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल का भवन लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। बार-बार शिक्षा विभाग और प्रशासन को शिकायत करने के बावजूद ध्यान नहीं दिया गया। स्कूल में दो कमरे और एक बरामदा है। सभी जर्जर हालत में हैं। गनीमत रही कि छत नहीं ढही वरना झालावाड़ के सरकारी स्कूल जैसी दर्दनाक घटना हो सकती थी। साल 2001 में स्कूल भवन बना था। संभवत: घटिया निर्माण के चलते यह बहुत जल्दी जर्जर हालत में आ गया।

प्रधानाध्यापक लालसिंह शक्तावत के अनुसार यह स्कूल 5वीं तक है। इसमें कुल 37 बच्चे हैं। हमने जर्जर भवन को लेकर शिक्षा विभाग को पूर्व में सूचना दे दी थी। घटना के बाद सीबीईओ भीण्डर राजेंद्र कुमार चौबीसा मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली।

बदमाशों ने घर में घुस दंपती पर हमला कर चोरी की

नारौली गांव में बदमाश सोने-चांदी के जेवरात और नगदी चुराकर ले गए

रुदावल/भरतपुर, (निसं)। गांव नारौली में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना का विरोध करने पर दो बदमाशों ने घर में सो रहे दंपती पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। बदमाश सोने-चांदी के जेवर और 55 हजार 200 रुपए नकद चोरी कर ले गए। सूचना पर रुदावल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं।

- **रुदावल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली और साक्ष्य जुटाए**

रुदावल पुलिस ने बताया कि गांव नारौली निवासी वीरीसिंह (62) पुत्र राजाराम जाट ने रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार रात करीब 1:35 बजे अज्ञात बदमाश उनके घर के बाथरूम की दीवार से मकान की छत पर चढ़ गए और सीढ़ियों से नीचे उतरकर मकान के सूने कमरे में घुस गए। चोरों ने सूने कमरे में रखे बक्सा को तोड़कर सोने की लर, अंगूठी, मंगलसूत्र, चांदी की कोंदनी, तोड़िया और 55 हजार 200 रुपए नकद चोरी कर लिए। इसी दौरान वीरीसिंह की नींद खुल गई। उसने बदमाशों को कमरे से निकलते देखा तो शोर मचा दिया। इस दौरान उनकी पत्नी मुन्नी देवी (56) भी जाग गई। जब दंपती ने विरोध कर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाशों ने दोनों पर लाठी से हमला कर दिया। हमले में वीरीसिंह के सिर और हाथ में चोटें आई हैं, जबकि मुन्नी देवी की पीठ पर चोट आई है। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर रुदावल एसएचओ नरेश शर्मा मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेकर क्षेत्र में नाकाबंदी कराई, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद एमआईयू व एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुटी है।

भीलवाड़ा से लापता दो बच्चों का तीन दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

पुलिस ने 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली

भीलवाड़ा, (निसं)। भीलवाड़ा शहर के माणिक्य नगर मालियों का बड़ा मंदिर क्षेत्र से चार अक्टूबर की सुबह गायब हुए दो 10 वर्षीय मासूम बच्चों का तीन दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल सका है।





लापता बच्चों के फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच घर से खेलने निकले दिव्यांशू सोनी उर्फ डुग्गू (10) पुत्र हेमंत सोनी और रजत जाट उर्फ भुंगड़ा (10) अचानक संदिग्ध हालात में लापता हो गए। देर रात परिजनों ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई गुमशुदगी के बाद से ही शहर पुलिस जांच में जुटी है, लेकिन पुलिस की तमाम कोशिशों के बावजूद अब तक दोनों मासूमों का पता नहीं चल पाया है।

थाना प्रभारी सुनील चौधरी के अनुसार, बच्चों की तलाश के लिए पुलिस की 4 विशेष टीमें गठित की गई हैं। शहर के चप्पे-चप्पे पर लगे करीब 250 से 300 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा चुकी है। पुलिस ने मामले का दायरा बढ़ाते हुए प्रदेशभर के सभी थाना प्रभारियों को दोनों बच्चों की तस्वीर और गुमशुदगी की सूचना भेजकर तलाश तेज करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं जांच में पुलिस को सांगानेरी गेट के पास का एक फुटेज मिला है, जिसमें दोनों मासूम एक अन्य तीसरे बच्चे के साथ साइकिल चलाते नजर आए हैं। इसी आखिरी लोकेशन को आधार बनाकर पुलिस उनके रूट का सुराग लगाने की कोशिश कर रही है। मंगलवार को पुलिस की टीमों ने कोटड़ी और मांडलगढ़ क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, मंदिरों, पार्कों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड्स पर सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, वहां भी पुलिस के हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा। दिनदहाड़े दो बच्चों के गायब होने से शहरवासी स्तब्ध हैं।

पावटा क्षेत्र के एक घर में घुसा वन्य जीव

पावटा, (निसं)। क्षेत्र के ग्राम कारोली की ढाणी सीमावतया में मंगलवार तड़के एक वन्यजीव के घर में घुसकर बकरियों पर हमला करने का मामला सामने आया। घटना में दो बकरियों को वन्यजीव उठाकर ले गया, जबकि पांच बकरियों को मारकर मौके पर ही छोड़ गया।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मण सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह निवासी ढाणी सीमावतया के घर में सुबह करीब 3 बजे अचानक वन्यजीव घुस गया। वन्यजीव ने बकरियों पर हमला कर दिया और दो बकरियों को उठाकर ले गया, जबकि पांच बकरियां मृत अवस्था में मौके पर मिलीं। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर वन विभाग से यादराम जाखड़ एवं खेताराम गुर्जर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना की जानकारी जुटाई। मौके पर करौली सरपंच सरवन सिंह भी मौजूद रहे। वन्यजीव के हमले में बकरियों की मौत के बाद पशुपालक को आर्थिक नुकसान हुआ है। मामले में राजनौता पशु चिकित्सक को तहरीर देकर मृत बकरियों के पोस्टमार्टम के लिए लिखा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद बकरियों की मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

हृदय एवं रक्तवाहिका रोग महिलाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण : डॉ. ऋतु अग्रवाल

जयपुर। हृदय एवं रक्तवाहिका रोग (सीवीडी) विश्व स्तर पर महिलाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण है। यह लगभग 35 प्रतिशत महिला मौतों के लिए जिम्मेदार है, यानी हर 3 में से 1 महिला की मृत्यु का कारण। भारत में स्थिति और भी गंभीर है, जहाँ सभी महिला हृदय संबंधी मौतों में से 40 प्रतिशत से अधिक इन रोगों के कारण होती हैं। भारतीय महिलाओं में पश्चिमी देशों की महिलाओं की तुलना में लगभग एक दशक पहले ही हार्ट अटैक देखा जाता है। इसके पीछे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा, अत्यधिक तनाव और गर्भावस्था से जुड़ी जटिलताओं की बढ़ती दरें प्रमुख कारण हैं।

डॉ. ऋतु अग्रवाल, एसोसिएट डायरेक्टर, कार्डियक इमेजिंग, इंटरनल हॉस्पिटल, जयपुर का कहना है कि हृदय रोग को अक्सर पुरुषों की बीमारी मानने की आम धारणा, तथा महिलाओं में दिखाई देने वाले हल्के और असामान्य लक्षण जिन्हें अक्सर चिंता (एंग्जायटी) से जुड़ा मानकर नजरअंदाज कर दिया जाता है, के कारण महिलाओं में हृदय संबंधी घटनाओं के बाद परिणाम पुरुषों की तुलना में अधिक खराब होते हैं। भारत में महिलाएँ पश्चिमी, श्वेत आबादी की तुलना में कम उम्र (असमय) में हार्ट अटैक का अनुभव करती हैं। काम और घर की दोहरी जिम्मेदारी तथा बढ़ता हुआ तनाव भी जोखिम को बढ़ाता है। रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) के बाद महिलाओं में जोखिम अधिक होता है, लेकिन यह समस्या युवा महिलाओं को भी प्रभावित करती है। भारत के रजिस्ट्रार जनरल के आँकड़ों के अनुसार, पिछले दो दशकों में हृदय एवं रक्तवाहिका रोगों, जिनमें इस्केमिक हृदय रोग भी शामिल है, से होने वाली मृत्यु दर में तेजी से वृद्धि हुई है। इसके विपरीत, अधिकांश उच्च और मध्यम आय वाले देशों में यह दर घट रही है। इसलिए इस विषय पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

डॉ. ऋतु अग्रवाल का कहना है कि सरल शब्दों में कहें तो, हृदय रोग प्रतिदिन स्ट्रोक और कैंसर से अधिक महिलाओं की जान लेते हैं। अधिकांश हृदय संबंधी मौतों को शिक्षा और जीवनशैली में बदलाव के माध्यम से रोका जा सकता है, जैसे अधिक शारीरिक गतिविधि करना, संतुलित आहार लेना, उचित वजन बनाए रखना, पर्याप्त नींद लेना, धूम्रपान और शराब से बचना, रक्तचाप को नियंत्रित रखना तथा तनाव का प्रबंधन करना।

हालांकि, हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद रोगों की पूरी तरह से रोकथाम हमेशा संभव नहीं होती। इसलिए समय पर और प्रारंभिक निदान मृत्यु दर और रोग-जनित जटिलताओं को कम करने में अत्यंत सहायक होता है। डॉ. ऋतु अग्रवाल का कहना है कि रक्त परीक्षण के अलावा, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफी, कार्डियक सीटी और कार्डियक एमआरआई हृदय रोगों के प्रारंभिक निदान और प्रबंधन के मुख्य परीक्षण हैं। हालांकि, ये सभी जांचें केवल विशेषज्ञ केंद्रों पर उपलब्ध होती हैं और इन्हें प्रशिक्षित कार्डियक रेडियोलॉजिस्ट की देखरेख में ही कराया जाना चाहिए।

चाकू से वार कर युवक की हत्या

कोटा, (निसं)। अनंतपुरा थाना इलाके में सोमवार रात्रि को 18 वर्षीय युवक की हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई थी। मामले में सामने आया कि पूर्व में दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। जिसका बदला लेने के लिये राहुल नाम के युवक ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर भुवनेश नागर के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और उसके ऊपर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।

अनंतपुरा थानाधिकारी महेश कुमार ने बताया कि भुवनेश नागर अपने दोस्तों से मिलने के लिए पंडित दीनदयाल नगर की तरफ आया था, इस दौरान मुख्य आरोपी राहुल कुमार व अन्य ने उस पर हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को तत्काल मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल लाये जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मुख्य आरोपी राहुल कुमार व अन्य के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर हमलावरों की तलाश की जा रही है। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

वारंटी गिरफ्तार

पावटा, (निसं)। विराटनगर थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत फ्करीब दो साल से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को थाना थानागाजी क्षेत्र के घाटा से दबोचा। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह, आईपीएस के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए हरिमोहन पुत्र रामावतार गुर्जर, निवासी बिलाली, थाना बांसदयाल, जिला कोटपूतली-बहरोड़ को थाना थानागाजी क्षेत्र के घाटा से गिरफ्तार कर लिया।

98 किलो डोडा-चूरा बरामद, एक को दबोचा

कोटा, (निसं)। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक कार में तलाशी के दौरान 98.040 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा बरामद किया, टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।


केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक कार में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा ले जाया जा रहा है और इसे किसी दूसरे ड्रग तस्कर को सौंपा जाना है। सूचना पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) कोटा के अधिकारियों की एक टीम गठित कर टीम को मौके पर रवाना किया गया। गठित टीम ने संदिग्ध रास्ते पर कड़ी निगरानी रखी और संदिग्ध वाहन की पहचान होने पर सीबीएन अधिकारियों द्वारा उसे रुकने का इशारा किया गया, हालांकि, वाहन चालक ने वाहन नहीं रोका और तेज गति से भागने का प्रयास किया। इस दौरान उक्त संदिग्ध वाहन ने सीबीएन टीम के साथ चल रहे कॉन्ट्रैक्ट वाहन को टक्कर मार दी, चालक द्वारा पुन: मौके से भागने का प्रयास किया गया, लेकिन सीबीएन अधिकारियों ने पीछा कर वाहन को मांडलगढ़ में ग्राम सहकारी समिति के सामने, फूल जी की खेड़ी के पास रोक लिया। टीम ने वाहन चालक को डिटेन कर वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कार में से 98.040 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा बरामद हुआ तथा एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

राजसमंद क्षेत्र के सोलर प्लांट में हुई डकैती का पर्दाफाश, सात आरोपियों को पकड़ा

आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से वारदात की थी, 16 आरोपी नामजद

राजसमंद, (निसं)। रेलमगरा थाना क्षेत्र के पनोतिया स्थित सोलर प्लांट में हुई डकैती और तोड़फोड़ की वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में 16 आरोपियों को नामजद किया गया है। पुलिस ने वारदात में चोरी किया गया माल बरामद करने के साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

- **चोरी का माल खरीदने वाला एक आरोपी भी गिरफ्तार, 467 किलो तांबा बरामद किया**



सोलर प्लांट में डकैती के आरोपियों को पुलिस ने माल सहित गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार गत 12 सितंबर की रात करीब 1 बजे 18-20 बदमाश पनोतिया सोलर पावर प्लांट में अवैध रूप से घुस गए। आरोपियों ने वहां तैनात गार्ड शैतानसिंह और शोभागसिंह के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बना लिया। इसके बाद दोनों के हाथ बांधकर चाकू दिखाते हुए ट्रांसफॉर्मर को तोड़कर उसमें से कॉपर बिल्ड और डीसी केबल चोरी कर ली। वारदात में करीब 40 लाख रुपये का नुकसान होना बताया गया।

मामले को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हेमंत कलाल के निर्देश पर रेलमगरा थाना पुलिस, डीएसटी और साइबर सेल की विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटना के आसपास के गिलूंड, रेलमगरा, पोटला, गंगापुर, राशमी, कपासन, मावली, मंगलवाड और खेरोदा सहित विभिन्न क्षेत्रों में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। संदिग्धों की तलाश में भीलवाड़ा, गंगापुर, कपासन और खेरोदा क्षेत्र में दबिश दी गई। पूछताछ के दौरान रमेश उर्फ रामा को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सोलर प्लांट में डकैती करना स्वीकार किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी चोरी किया गया माल बाइक पर रखकर कपासन निवासी राजू कालबेलिया के घर ले गए थे। वहां से माल को खेरोदा निवासी रईस खान पठान के माध्यम से बेच दिया गया। आरोपी की निशानदेही पर करीब 467 किलोग्राम तांबा बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में विनोद कालबेलिया, लालूराम कालबेलिया, रमेश उर्फ रामा भील, लक्ष्मणनाथ कालबेलिया उर्फ लच्छू, गोविंद कालबेलिया, राजू कालबेलिया और किशननाथ कालबेलिया को गिरफ्तार किया है। चोरी का माल खरीदने के आरोप में रईस खान पठान को भी गिरफ्तार किया गया।

सांसद बेनीवाल को हाईकोर्ट से राहत मिली

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ ने सांसद हनुमान बेनीवाल को नागौर के कुचेरा थाने में दर्ज एफआईआर पर अंतरिम राहत दी है। कोर्ट ने उनके खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। जज फरजंद अली की एकलपीठ ने बेनीवाल की याचिका पर यह आदेश दिया है।

- **हाईकोर्ट ने दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई**

हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकारों का हिस्सा है। अदालत ने राज्य सरकार और पुलिस से जवाब मांगा है और सुनवाई तीन सप्ताह बाद तय की है। याचिका में बेनीवाल के वकील पंकज चौधरी और सुनिता चौधरी ने कहा कि यह मामला राजनीतिक प्रदर्शन का है, जिसमें हिंसा या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का कोई आरोप नहीं है। मामला कथित राजनीतिक सभा और निषेधाज्ञा के उल्लंघन से संबंधित है। एफआईआर में हनुमान बेनीवाल के खिलाफ किसी तरह की हिंसा, चोट, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने या बल प्रयोग का आरोप नहीं है।

मामला 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान कुचेरा में हुई एक राजनीतिक सभा से जुड़ा है। इसमें निषेधाज्ञा के उल्लंघन का आरोप है। उप निरीक्षक मुकेश कुमार की शिकायत पर 4 मई 2024 को एफआईआर दर्ज हुई थी। बेनीवाल के वकीलों ने बताया कि यह मामला राजनीतिक प्रदर्शन का है, जिसमें हिंसा या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का कोई आरोप नहीं है।

लकड़ियों से भरे दो ट्रक जब्त

कोटा, (निसं)। कोटा ग्रामीण इलाके की इटावा पुलिस टीम ने अवैध गीली लकड़ियों से भरे हुए दो ट्रकों को जब्त किया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि इटावा थानाधिकारी अजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा रात्रि में दौराने गश्त चैकिंग व मुखबिर की सूचना पर पर गैता रोड से अवैध लकड़ियों से भरे हुए दो ट्रक को जप्त किया।पुलिस रमजान (42) एवं मुस्तकीम (30) को गिरफ्तार किया है।

पर्यटन सीजन शुरु, उदयपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या से परेशानी बढ़ी

उदयपुर, (निसं)। उदयपुर में टूरिज्म और पर्यटन सीजन शुरू होने के साथ ही शहर में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ने से पहले मौजूदा यातायात व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्रमुख सड़कों और चौराहों पर आए दिन लग रहे लंबे जाम के कारण स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों और व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- **प्रमुख सड़कों और चौराहों पर आए दिन लग रहे लंबे जाम से पर्यटकों और व्यापारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**
- **पर्यटन सीजन में वाहनों का दबाव और बढ़ने की संभावना के बीच ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर समय रहते ठोस इंतजाम करने को लेकर होटल एसोसिएशन ने चिंता जताई**

पर्यटन सीजन में वाहनों का दबाव और बढ़ने की संभावना के बीच ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर समय रहते ठोस इंतजाम करने को लेकर होटल एसोसिएशन ने चिंता जताई है। शहर में सूरजपोल से गुलाब बाग, उदियापोल से सूरजपोल टाउन हॉल होते हुए देहली गेट, उदियापोल से होटल मान होते हुए गुलाब बाग, समोर बाग और दूध तलाई तक यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। वहीं ओल्ड सिटी में भी पर्यटकों और स्थानीय वाहनों की आवाजाही बढ़ने से यातायात प्रबंधन चुनौती बनता जा रहा है।

होटल एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन को पत्र सौंपकर व्यवस्था सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। अग्रवाल ने कहा कि रानी रोड पर बढ़ते अतिक्रमण और पार्किंग की समस्या भी यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रही है। होटल एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने आइस फैक्ट्री, गुलाब बाग, समोर बाग, दूधतलाई, पिछोला और जलबुर्ज सहित प्रमुख पर्यटन क्षेत्रों में बेहतर साइनेज की आवश्यकता बताई गई है। विश्वस्तरीय टूरिस्ट इनफॉरमेशन सेंटर, रोड मैप और आधुनिक दिशा निर्देश बोर्ड विकसित करने की मांग भी उठाई गई। होटल एसोसिएशन ने पर्यटकों के लिए आने वाली बसों को लेकर भी विशेष व्यवस्था की मांग की गई है। एसोसिएशन के मनीष गलुण्डिया ने टूरिस्ट बसों के लिए विशेष रूट निर्धारित करने का सुझाव दिया ताकि शहर में आने वाले पर्यटकों को यातायात की परेशानी का सामना न करना पडे।

होटल एसोसिएशन का कहना है कि कई बार अतिक्रमण के कारण सड़क किनारे पार्किंग की जगह तक नहीं मिल पाती, जिससे यातायात पर अतिरिक्त दबाव बनता है। उदयपुर होटल एसोसिएशन ने किशनपोल में निर्माणाधीन पार्किंग को जल्द शुरू करने, सड़क मार्गों से अवरोधक हटाने, नो पार्किंग व्यवस्था की सख्ती से पालना करवाने, ओल्ड सिटी में आवश्यकता के अनुसार वन वे व्यवस्था लागू करने, पर्यटन स्थलों के आसपास व्यवस्थित पार्किंग विकसित करने, पर्यटक बसों, टैक्सियों, ऑटो रिक्शा के लिए पिकअप ड्रॉप पॉइंट निर्धारित करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में होटल एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, मनीष गलुण्डिया, अजय सिंह हेड़ा, सुदर्शन देव सिंह कारोही, सचिव विकास पोरवाल और उपाध्यक्ष उषा शर्मा मौजूद रहे।

ट्रेलर कंपनी में भीषण आग लगी

पावटा, (निसं)। विराटनगर-भाबरू थाना क्षेत्र में विराटनगर शाहपुरा रोड स्थित खेमजी ट्रेलर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मंगलवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार उठता देख कंपनी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग से लाखों रुपये का नुकसान होना बताया जा रहा है।

- **प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है**



मौके पर दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया।

नगर परिषद शाहपुरा के फायर ब्रिगेड प्रभारी बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल टीमें मौके पर पहुंचीं और तत्काल आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग पर काबू पाने के लिए नगर पालिका विराटनगर की एक तथा नगर परिषद शाहपुरा की दो दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही नजर आने के कारण आसपास के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने भी राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग किया। समाजसेवी रतन कुम्हार सहित ग्रामीणों ने दमकलकर्मियों का सहयोग करते हुए स्थिति को संभालने में मदद की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि, आग से कंपनी में कितना नुकसान हुआ, इसका अभी आकलन किया जा रहा है। घटना के दौरान कंपनी मालिक मुकेश जाट, बबलू कुम्हार, रमेश कसाना, मामराज मीणा, जयराम वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे।

बस की टक्कर से युवक की मौत

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी इलाके में सोमवार को सिटी बस की टक्कर से बाईक सवार युवक की मौत हो गई। मंगलवार को मृतक के शव की पोस्टमार्टम कार्रवाई के दौरान मृतक के परिजन व परिचित पोस्टमार्टम रूम के बाहर आर्थिक सहायता की मांग को लेकर बैठ गये और मांग पूरी नहीं होने तक मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।

मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश की गई। बाद में नगर निगम बस के ठेकेदार द्वारा मौके पर आर्थिक सहायता एवं तहसीलदार द्वारा आर्थिक सहायता के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामविलास मीणा ने बताया कि सोमवार शाम को इलाके के रंगपुर पुलिया पर नगर निगम की सिटि बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे मे खेड़ली फाटक निवासी धीरज कुमार वर्मा (26) की मौत हो गई।